nt>

Title: Need to improve the functioning of BSNL.'s mobile service in Betul and Harda Districts in Madhya Pradesh. − Laid.

श्री विजय कुमार खंडेलवाल (बेतूल) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मध्य प्रदेश के बैतूल एवं हरदा जिले में बीएसएनएल की मोबाइल सेवा की हालत बहुत खराब है। बैतूल में दो राट्रीय राजमार्ग औबेदुलागंज से नागपुर (एनएच 69) एवं इंदौर से बैतूल (एनएच 59 ए) जुड़ते हैं। घोाित नीति के अनुसार राट्रीय राजमार्ग पर लोगों को मोबाइल सेवा दी जानी है। परन्तु अभी भी राट्रीय राजमार्ग 59 ए पर बहुत कम स्थानों पर यह सेवा चालू है तथा राट्रीय राजमार्ग 69 (औबेदुलागंज-नागपुर) पर इटारसी से मुलताई के बची कई जगहों पर सेवा नहीं मिलती है। साथ ही मुलताई एवं इसके बाद यह सेवा अभी भी चालू नहीं है। इस सुविधा का लाभ लोगों को प्राप्त हो सके, इसके इंतजाम किये जायें। बीएसएनएल की प्रीपेड सिम पिछले 8-10 माह से नहीं मिल रही है, जिसके कारण लोग सुविधा से वंचित है। सरकार इस पर भी ध्यान देकर सीम उपलब्ध कराये।